**भारत सरकार**
**रसायन और उर्वरक मंत्रालय**
**रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग**

**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-3929**
**दिनांक 24.03.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए**
.....

**उत्तर प्रदेश में पेट्रोलियम, रसायन और पेट्रोरसायन निवेश क्षेत्र (पीसीपीआईआर)**

**3929. श्री संगम लाल गुप्ता:**
**श्री अनुराग शर्मा:**

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को पेट्रोलियम, रसायन और पेट्रोरसायन निवेश क्षेत्र (पीसीपीआईआर) की स्थापना के लिए उत्तर प्रदेश सरकार से प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार की उत्तर प्रदेश में पीसीपीआईआर स्थापित करने के लिए परियोजना के प्रस्ताव को स्वीकृति देने की योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) पीसीपीआईआर की मुख्य विशेषताएं क्या हैं और देश भर में मौजूदा पीसीपीआईआर का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री (श्री भगवंत खुबा)**

**(क) और (ख):** जी, नहीं। उत्तर प्रदेश में पेट्रोलियम, रसायन और पेट्रोरसायन निवेश क्षेत्र (पीसीपीआईआर) स्थापित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

**(ग):** भारत सरकार ने पेट्रोलियम, रसायन और पेट्रोरसायन निवेश क्षेत्र (पीसीपीआईआर) में निवेश को आकर्षित करने और रोजगार सृजन के लिए पीसीपीआईआर नीति, 2007 को अधिसूचित किया था। पीसीपीआईआर एकीकृत और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से बड़े पैमाने पर रसायन और पेट्रोरसायन क्षेत्रों को बढ़ावा देता है। पीसीपीआईआर की संकल्पना क्लस्टर आधारित दृष्टिकोण के साथ की गई है, जिसमें व्यवसाय स्थापित करने के लिए अनुकूल प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण प्रदान करने के लिए उच्च श्रेणी के सामान्य बुनियादी ढाँचे और सहायक सेवाएँ शामिल हैं।

पीसीपीआईआर नीति, 2007 के तहत इन क्षेत्रों में निवेश और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए आंध्र प्रदेश (विशाखापत्तनम), गुजरात (दहेज), ओडिशा (पारादीप) और तमिलनाडु (कुड्डालोर और नागापट्टिनम) राज्य में चार पेट्रोलियम, रसायन और पेट्रोरसायन निवेश क्षेत्र (पीसीपीआईआर) कार्यान्वित किए गए हैं। । इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन और निष्पादन की स्थिति इस प्रकार है:

| सूचक | गुजरात | आंध्र प्रदेश | ओडिशा |
|---|---|---|---|
| स्थान / क्षेत्र | दहेज, भरूच | विशाखापत्तनम-काकीनाडा | पारादीप |

| | | | |
|---|---|---|---|
| किया गया निवेश (करोड़ रुपए में) | 1,24,363 | 18,851 | 73,518 |
| पीसीपीआईआर की स्वीकृति की तिथि | फरवरी, 2009 | फरवरी, 2009 | दिसंबर, 2010 |

**तमिलनाडु पीसीपीआईआर की स्थिति**

सरकारी शा.आ. (एमएस) संख्या 108, एचएंडयूडीडी, दिनांक 20.06.2017 के द्वारा कुड्डालोर और नागपट्टिनम जिलों के 45 गांवों में लगभग 23,000 हेक्टेयर भूमि को प्रस्तावित पीसीपीआईआर के लिए "स्थानीय नियोजन क्षेत्र" के रूप में घोषित किया गया था। तमिलनाडु सरकार ने अपने शा.आ. (एमएस) संख्या 36, एचएंडयूडीडी, दिनांक 21.02.2020 के द्वारा "स्थानीय नियोजन क्षेत्र" की घोषणा को रद्द कर दिया है और इसे तमिलनाडु सरकार के राजपत्र दिनांक 21.02.2020 में प्रकाशित किया गया है।

*****